भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 537
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई 2026

भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन

537. श्री शशांक मणि:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जोड़ी गई और सेवा-हेतु तैयार की गई ग्राम पंचायतों की राज्य-वार संख्या सहित भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है:
(ख) गत तीन वर्षों के दौरान परियोजना के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अंतिम छोर तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और किफायती इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारतनेट चरण-I और चरण-II के अंतर्गत, 2.14 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया था। भारत सरकार ने रिंग टोपोलॉजी में सभी ग्राम पंचायतों के अपग्रेडेशन के लिए दिनांक 04.08.2023 को संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी प्रदान की है। जून 2026 तक, एबीपी के अंतर्गत 13,494 ग्राम पंचायतों का अपग्रेड किया गया है। राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) पिछले तीन वित्तीय वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक) के दौरान, भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत 17,000 करोड़ रुपये के कुल आवंटन में से 11,722.26 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।

(ग) संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) के अंतर्गत, भारत सरकार की सब्सिडी सहायता से भारतनेट उद्यमी (बीएनयू) मॉडल के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं।

*****

अनुबंध-I

क्र.सं.	राज्य	भारतनेट चरण-I और II के तहत जोड़ी गई ग्राम पंचायतें	एबीपी के तहत अपग्रेड ग्राम पंचायतें (जून 2026)
1	अंडमान और निकोबार	72	62
2	आंध्र प्रदेश	12,955	0
3	अरुणाचल प्रदेश	1,124	3
4	असम	1,507	0
5	बिहार	8,340	1,200
6	छत्तीसगढ़	9,695	0
7	डीएनएच और डीडी	38	5
8	गोवा	0	0
9	गुजरात	14,320	0
10	हरियाणा	6,082	0
11	हिमाचल प्रदेश	410	739
12	जम्मू और कश्मीर	1,101	295
13	झारखंड	4,390	0
14	कर्नाटक	6,084	344
15	केरल	978	7
16	लद्दाख	193	2
18	मध्य प्रदेश	17,850	1,728
19	महाराष्ट्र	24,575	0
20	मणिपुर	1,475	3
21	मेघालय	698	0
22	मिजोरम	540	0
23	नागालैंड	236	16
24	ओडिशा	6,785	0
25	पुडुचेरी	98	109
26	पंजाब	12,680	3,069
27	राजस्थान	8,776	0
28	सिक्किम	35	0
29	तमिलनाडु	10,886	0

30	तेलंगाना	10,833	0
31	त्रिपुरा	740	0
32	उत्तर प्रदेश	46,746	4,010
33	उत्तराखंड	1,993	1,507
34	पश्चिम बंगाल	2,677	395
	कुल	**2,14,912**	**13,494**